एनआरआरआई सूचना-पत्र
NRRI Newsletter

हर कदम, हर डगर किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

Vol. 44; No. 4 Oct-Dec, 2023 अक्टूबर-दिसंबर, 2023 ISSN 0972-5865

विषयसूची / CONTENTS

आयोजन

विशेष अभियान 3.0 1
अम्लीय मिट्टी में सुधार हेतु औद्योगिक कचरे के उपयोग पर परियोजना प्रारंभ कार्यशाला और विचार-मंथन सत्र: चक्रिय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से आय 2
एकीकृत कीट प्रबंधन: चुनौतियां और आगे की राह (विनपेस्ट-2023) शीर्षक पर राष्ट्रीय विचार-मंथन कार्यशाला का आयोजन 2
राष्ट्रीय मिलेट एक्सपो-2023 आयोजित 5
सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 6
जलवायु परिवर्तन का मुकाबला और भारत में महिला किसानों के आजीविका विकास विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित 10
विश्व मृदा दिवस-2023 आयोजित 11
प्रशिक्षण कार्यक्रम 13
आगंतुक 15

एनआरआरआई क्षेत्रीय केंद्र, हजारीबाग

प्रक्षेत्र दिवस सह-फसल कटाई प्रयोग का आयोजन 15
कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम 17

कृषि विज्ञान केंद्र, कोडरमा

पीएम का सीधा प्रसारण 20
सम्मेलन/परिसंवाद/कार्यशाला/शीतकालीन पाठ्यक्रम/प्रदर्शनी/प्रशिक्षण कार्यक्रमों/बैठकों में प्रतिभागिता 22
पुरस्कार 24
रेडियो/टीवी वार्ता 25
नियुक्ति 26
पदोन्नति/वित्तीय लाभ 26
सेवानिवृत्ति 26
निदेशक की कलम से 27

Events

"Special Campaign 3.0" 1
Project Launching workshop and Brainstorming Session on the Utilization of industrial wastes for reclamation of acid soils: Waste to wealth for promoting circular economy 2
National Brainstorming Workshop on Integrated Pest Management: Challenges and Way Forward (WinPest - 2023) 2
National Millet Expo -2023 organized 5
Vigilance Awareness Week-2023 6
National workshop on "Navigating Climate Change and Livelihood Development of Farmwomen in India" 10
World Soil Day-2023 11
Training Programmes 13
Visitors 15

NRRI Regional Station, Hazaribagh

Field Day cum Crop cutting experiment organized 15
KVK Programmes 17

KVK, Koderma

PM Live telecast 20
RESEARCH NOTE 21
Seminar/ Symposia/ Workshop/ Winter School/ Exhibition/ Training Programmes/ Meetings attended 22
Awards 24
Publication 24
Research Paper 24
Radio/TV Talk 25
Appointment 26
Promotion/ Financial Benefit 26
Retirement 26
From Director's Desk 27

आयोजन

विशेष अभियान 3.0

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक में एक विशेष अभियान 3.0 का आयोजन किया गया। भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक के निदेशक डॉ. ए.के. नायक ने महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में उनके सर्वोच्च योगदान को याद किया। डॉ. एस. लेंका, अध्यक्ष, स्वच्छ भारत समिति और नोडल अधिकारी ने स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 3.0 ने कार्यक्रम का आयोजन किया। माल्यार्पण कार्यक्रम के तुरंत बाद, एनआरआरआई खेल मैदान में निदेशक डॉ. ए.के. नायक और संस्थान के अन्य कर्मचारी द्वारा टर्मिनलिया प्रजाति के पौधों का वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

Events

"Special Campaign 3.0"

On the auspicious occasion of Birth Day of Father of the Nation – Mahatma Gandhi and Lal Bahadur Shashtri, a special campaign 3.0 was organized at ICAR-NRRI, Cuttack. Dr. A.K. Nayak, Director, ICAR-NRRI, Cuttack garlanded the statues of the great freedom fighters and recalled their supreme contribution to the liberation movement in India. Dr. S. Lenka, Chairman, Swachha Bharat Committee & Nodal Officer, Special Campaign 3.0 for institutionalizing Swachhata and minimizing pendency in Government offices from 2nd October to 31st October 2023 organized the event. Soon after the garlanding event, the plantation drive was undertaken at the NRRI Sports Ground with planting of *Terminalia* sp. by the Director, Dr. A.K. Nayak and other staff of the Institute.

अम्लीय मिट्टी में सुधार हेतु औद्योगिक कचरे के उपयोग पर परियोजना प्रारंभ कार्यशाला और विचार-मंथन सत्र: चक्रिय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से आय

भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, कटक चैप्टर के सहयोग से "ओडिशा की अम्लीय मिट्टी को पुनः प्राप्त करने के लिए मृदा संशोधन के रूप में बेसिक-स्लैग और फ्लाई ऐश का आर्थिक और पर्यावरण-अनुकूल उपयोग [SAFAR]: चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से आय (ईएपी 411)" शीर्षक परियोजना पर 10 अक्टूबर, 2023 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन हुआ। इस एक दिवसीय कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, उद्योग, कृषि विज्ञान केंद्रों, स्टार्टअप, किसान उत्पादक संगठन और ओडिशा सरकार के राज्य विभाग के अधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ओडिशा के छह जिलों कटक, जाजपुर, ढेंकनाल, अंगुल, क्योंजर और झारसुगुड़ा में अम्लीय मिट्टी के सुधार के लिए औद्योगिक अपशिष्टों (मूल स्लैग और फ्लाई ऐश) के प्रयोग के बारे में उपयोगी चर्चा की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. ए के नायक ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के निदेशक डॉ. ए सडंगी समारोह के मुख्य अतिथि थे। एनआरआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। फसल उत्पादन प्रभाग के अध्यक्ष और परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रताप भट्टाचार्य ने कार्यशाला और परियोजना के बारे में संक्षिप्त परिचय प्रदान किया। सम्मानित अतिथि डॉ. पी के अग्रवाल, एनआईबीएसएम के डॉ. ए. चटर्जी, वेदांता लिमिटेड और श्री रोशन दास, आरती स्टील लिमिटेड ने अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत की। इस परियोजना को इनोवेटिव प्रोजेक्ट योजना के तहत ओडिशा राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

एकीकृत कीट प्रबंधन: चुनौतियां और आगे की राह (विनपेस्ट-2023) शीर्षक पर राष्ट्रीय विचार-मंथन कार्यशाला का आयोजन

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में 11 अक्टूबर 2023 को एकीकृत कीट प्रबंधन: चुनौतियां और आगे का रास्ता (विनपेस्ट-2023) पर राष्ट्रीय विचार-मंथन कार्यशाला का आयोजन किया। रेवेनशॉ विश्वविद्यालय, कटक के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार नायक उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कृषि रसायनों, उर्वरकों और आईपीएम में जैव-आधारित प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर दिया और थिंक ग्रीन एंड गो ग्रीन, प्लास्टिक को हां लेकिन कूड़े को ना कहें का नारा दिया। संस्थान के निदेशक और कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. अमरेश कुमार नायक ने कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और सांस्कृतिक, जैविक और रासायनिक तरीकों के तहत सुरक्षित

Project Launching workshop and Brainstorming Session on the Utilization of industrial wastes for reclamation of acid soils: Waste to wealth for promoting circular economy

A Project Launching workshop of project "Economic and environment-friendly utilization of Basic-Slag and Fly Ash as Soil amendments to Reclaim Acid soils of Odisha [SAFAR]: Waste to wealth for promoting circular economy (EAP 411)" followed by a Brainstorming Session on the "Utilization of industrial wastes for reclamation of acid soils: Waste to wealth for promoting circular economy" was organized at ICAR-NRRI, Cuttack in Collaboration with the Cuttack Chapter of NAAS on 10 October 2023. Participants from different organizations representing ICAR, Industry, KrishiVigyanKendras, Startups, Farmers Producers Organization and State department officials from Govt. of Odisha have participated in the one-day workshop. Fruitful discussion was made about the utilization of industrial wastes (basic slag and fly ash) for reclamation of acid soils with special reference to six districts of Odisha *viz.*, Cuttack, Jajpur, Dhenkanal, Angul, Keonjar and Jharsuguda. The workshop was chaired by Dr. A.K.Nayak, Director of the institute. Chief guest of the function was Dr. A. Sarangi, Director, Institute of Water Management, Bhubaneswar. The welcome address was delivered by Dr. Mohammad Shahid, Sr. Scientist, ICAR-NRRI. Among many other dignitaries graced the occasion the opening remarks regarding the brief introduction about the workshop and project have been delivered by Dr. P. Bhattacharyya, Head, Crop Production Division and Principal Investigator. The guest of honours Dr. P.K. Agrawal, NIBSM, Dr. A. Chatterjee, Vedanta Ltd. and Sri Roshan Das, Aarti Steel Ltd. have given their remarks. The project is funded by the funded by the State Government of Odisha under Innovative Project Scheme.

National Brainstorming Workshop on Integrated Pest Management: Challenges and Way Forward (WinPest - 2023)

ICAR-National Rice Research Institute organized National Brainstorming Workshop on Integrated Pest Management: Challenges and Way Forward (WinPest - 2023)on 11 October 2023. Prof. S.K.Nayak, Hon'ble Vice-Chancellor, Ravenshaw University, Cuttack was Chief Guest in the inaugural session. In his inaugural speech he emphasized on agro chemicals, fertilizers and adoption of bio-based technologies in IPM and

आईपीएम घटकों के उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. मुकुंद वरियर, सम्मानित अतिथि और राज्य समन्वयक, आईआरआरआई ओडिशा ने उच्च जोखिम वाले कीटनाशकों और कृषि-रसायनों के कम से कम प्रयोग पर जोर दिया, जो कीट प्रबंधन का अंतिम उपाय होना चाहिए। कार्यशाला के संयोजक डॉ. एस डी महापात्र ने अपने स्वागत भाषण में विचार-मंथन कार्यशाला की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और कार्यशाला के उद्देश्यों, एकीकृत कीट प्रबंधन को अपनाने, इसकी बाधाओं और खाद्य और पोषण सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए आगे बढ़ने के तरीके के बारे में वर्णन किया।

विचार-मंथन कार्यशाला में दो तकनीकी सत्र-व्याख्यान और पैनल चर्चा आयोजित

किये गये। मुख्य व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता वाईएसपीयूएचएफ, सोलन के पूर्व कुलपति डॉ. हरि सी शर्मा ने की। आईसीएआर-एनसीआईपीएम के निदेशक डॉ. सुभाष चंदर; डॉ. वाई.जी. प्रसाद, निदेशक, आईसीएआर-सीआईसीआर; डॉ. एच. सी. शर्मा, पूर्व कुलपति, डॉ. डॉ. यशवन्त सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय; डॉ. एम वरियर, राज्य समन्वयक, आईआरआरआई-ओडिशा, डॉ. एम.आर. खान, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-आईएआरआई; डॉ. मनोज सेमवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीमैप और बायर क्रॉप साइंस के पादप स्वास्थ्य जोखिम प्रबंधन प्रमुख डॉ. देव मिश्र ने व्याख्यान दिया। विचार-विमर्श में शामिल प्रमुख क्षेत्र हैं भारत में आईपीएम परिदृश्य, सफल कीट प्रबंधन के लिए निगरानी और पूर्वानुमान को अपनाना, मेजबान पौधों का प्रतिरोध, पौधों की बीमारी के निदान और निगरानी में प्रगति, आईपीएम में नेमाटोड प्रबंधन, रिमोट सेंसिंग और डिजिटल नवाचार: आईपीएम में बदलाव और अनुकूलित कीट प्रबंधन। संस्थान के निदेशक डॉ. ए के नायक की अध्यक्षता में एक पैनल चर्चा हुई जिसमें सात पैनलिस्ट डॉ. सुभाष चंदर, निदेशक, आईसीएआर-एनसीआईपीएम; डॉ. एसएन सुशील, निदेशक, आईसीएआर-एनबीएआईआर, डॉ. सी चट्टोपाध्याय, पूर्व कुलपति, यूबीकेवी और वर्तमान में प्रधान वैज्ञानिक, सीआरआईजेएएफ, डॉ. मनोज सेमवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीमैप और डॉ. देव मिश्र, पादप स्वास्थ्य जोखिम प्रबंधन प्रमुख, बायर क्रॉप साइंस, श्री आर के वारियर, क्षेत्रीय निदेशक, बीएआईएफ, एक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। पैनल चर्चा में निगरानी एवं सर्वेक्षण, कार्यात्मक कृषि सलाहकार क्षेत्रों, समय पर और गुणवत्ता वाले आईपीएम इनपुट आपूर्ति, गुणवत्ता वाले जैव-कारक की आपूर्ति के लिए मानदंड तैयार करने और नियामक मानकों, 4 ए सिद्धांत (जागरूकता, उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य), आईपीएम प्रथाओं को अपनाने में वृद्धि करने पर जोर दिया गया। विनपेस्ट 2023 के आयोजन सचिव डॉ. गुरु पी पांडी जी ने धन्यवाद दिया। कार्यशाला में कुल 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 135 ने भौतिक रूप से भाग लिया और 25 ने आभासी रूप से भाग लिया।

voiced the slogans Think Green and Go Green, Say Yes to Plastic but No to Littering. Dr. A.K.Nayak, Director of the institute and Chairman of the workshop highlighted the conservation of agro-ecosystem and use safer IPM components under cultural, biological and chemical methods. Dr. M.Variar, Guest of Honour & State Coordinator, IRRI Odisha emphasized on the zero tolerance to high risk pesticides and the agro-chemicals which should be last resort to pest management. Dr.

S.D.Mohapatra, Convenor of the workshop in his welcome address highlighted the need of the brainstorming workshop and told the workshop indents to dissect the adoption of IPM, its bottlenecks and way forward to secure food and nutritional security.

Brainstorming workshop featured two technical sessions *viz.*, Lead lectures and Panel Discussion. The major areas covered in the deliberations are IPM Scenario in India, adoption of surveillance and forecasting for successful pest management, host plant resistance, advances in plant disease diagnosis and monitoring, nematode management in IPM, remote sensing and digital innovations: transforming IPM and tailored pest management.The panel discussion stressed on the monitoring and surveillance, functional agro advisory sectors, timely and quality IPM input supply, formulating norms for supply of quality bio-agent, and regulatory standards, 4A principle (Awareness, Availability, Accessibility, and Affordability) in order to enhance adoption of IPM practices. Dr. Guru P Pandi G, Organizing Secretary of the WinPest 2023 proposed vote of thanks. A total of 160 Participants attended the workshop including 25 were attended the physically and 135 participated virtually.

एनआरआरआई की वैज्ञानिकों की एक दल द्वारा ओडिशा के भूरा पौध माहू और पत्ता मोड़क प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

ओडिशा के बालासोर और केंद्रपाड़ा जिलों के धान के खेतों में भूरा पौध माहू और पत्ता मोड़क संक्रमण/घटना की खबर मिलने के बाद प्रभावित प्रखंडों का दौरा करने के लिए भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक के निदेशक डॉ. अमरेश कुमार नायक ने दो वैज्ञानिक दलों का गठन किया। बालासोर जिले के लिए दल में डॉ. एस डी महापात्र, डॉ. एम चक्रवर्ती, डॉ. जी पी पांडी, डॉ. जीवन बी शामिल थे और केंद्रापाड़ा जिले के दल में डॉ.पी सी रथ, डॉ. ए के मुखर्जी, डॉ. आर एल वर्मा थे। दलों ने बालासोर जिले के रेमुणा, बस्ता और जलेश्वर प्रखंड और केंद्रापाड़ा जिले के महाकालपाड़ा, डेराबिस और गरदपुर का दौरा किया। बालासोर की दल ने गोपालपुर (रेमुणा), बरु-नगड़िया (बस्ता), बैगान बादिया (जलेश्वर) और आसपास के गांवों का दौरा किया जबकि केंद्रपाड़ा की दल ने हलबांका (डेराबिस), मंगलपुर (महाका-लपाड़ा) और परकाना (गरदपुर) का दौरा किया। दल ने गोपालपुर गांव में चावल की स्वर्णा और कालाचंपा किस्मों के मूल हिस्से में प्रति पूंजा 250-300 भूरा पौध माहू के वयस्क कीटों एवं डींभक और हॉपर बर्न लक्षण देखा। क्षेत्र के किसानों ने उचित नियंत्रण उपाय नहीं किए थे जिसके कारण रेमुणा प्रखंड में हॉपर बर्न हुआ। लेकिन, जलेश्वर प्रखंड में किसानों ने दो से तीन कीटनाशकों के टैंक मिश्रण का उपयोग किया जिससे कीटों का पुनरुत्थान हुआ होगा जिससे गंभीर पत्ती मोड़क घटना हुई है। जलेश्वर प्रखंड के बैगन बदिया गांव में भी पत्ती मोड़क का गंभीर प्रकोप था। लेकिन, बालासोर जिले के सभी स्थानों में, जीवाणुज अंगमारी रोग की घटना कम थी। किसानों को अपने खेतों की नियमित निगरानी करने और पूंजाओं को हिलाकर भूरा पौध माहू के डिंभक/वयस्कों का निरीक्षण करने का सुझाव दिया गया है। एक बार जब कीटों की संख्या ईटीएल स्तर (प्रति पूंजा 5-10 डिंभक/वयस्क) से अधिक हो जाए, तो ट्राइफ्लुमेज़ोपाइरीम, पाइमेट्रोज़िन, डाइनेटोफ्यूरान, फ्लुनिकैमाइड जैसे कीटनाशकों की अनुशंसित मात्रा प्रयोग करने हेतु कहा गया। किसानों को कीटों और बीमारियों की सही पहचान के लिए एनआरआरआई द्वारा विकसित राइसएक्सपर्ट ऐप का उपयोग करने और सिफारिशों का पालन करने का भी सुझाव दिया गया। दल ने सुझाव दिया कि भूरा पौध माहू के प्रभावी नियंत्रण के लिए छिड़काव को पौधे के मूल हिस्से में किया जाना चाहिए। एनआरआरआई द्वारा विकसित भूरा पौध माहू

प्रतिरोधी सीआर धान 317 और सीआर धान 805 नामक दो किस्मों को गांवों के किसानों को वितरित किया गया और भूरा पौध माहू स्थानिक क्षेत्रों में खेती के लिए सुझाव दिया गया। दल के साथ बालासोर के कृषि विज्ञान केंद्र श्री कमलाकांत बेहरा, एसएमएस (कृषि विस्तार) और सहायक निदेशक कृषि, सहायक जिला अधिकारी (कृषि), जिला कृषि विभाग के ब्लॉक कृषि अधिकारी भी थे।

NRRI Scientists team visited the BPH and Leaf Folder affected areas of Odisha

Dr. A.K.Nayak, Director, ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack after receiving the news of Brown Planthopper (BPH) and Bacterial Blight attack/ incidence in paddy fields constituted two scientific teams to visit affected blocks of Balasore and Kendrapara districts. The team comprised of Dr. S.D.Mohapatra, Dr. M.Chakrabarti, Dr. G.P.Pandi, Dr. Jeevan B for Balasore and Dr. P.C. Rath, Dr. A.K. Mukherjee, Dr. R.L.Verma for Kendrapara. The Balasore team visited Gopalpur (Remuna),Barunagadia (Basta), BaiganBadia (Jaleswar) and adjoining villages whereas Kendrapara team visited Halabanka (Derabis), Mangalpur (Mahakalapada) and Parakana (Garadpur) villages. The team observed 250-300 BPH nymphs and adults per hill in the basal part of rice varieties Swarna and Kalachampa with hopper burn symptoms in the Gopalpur village. The farmers of the region didn't take appropriate control measure leading to hopper burn in Remuna block. However, in Jaleswar block the farmers applied the tank mix of two to three pesticides which might lead to resurgence of pests that led to severe leaf folder incidence. There was also severe infestation of leaf folder in BaiganBadia village of Jaleswar Block. However, in all the places in Balasore district, the bacterial blight incidence was low. The farmers have been suggested for routine monitoring of their fields and observe the BPH nymphs/ adults by shaking the hills. Once the population exceeds the ETL level (5-10 nymphs/ adults per hill), apply the recommended doses of insecticides such as triflumezopyrim, pymetrozine, dinetofuran, flunicamide. The farmers have also been suggested to use ricexpert app developed by NRRI for correct identification of insect pests and diseases and follow the recommendations. The team suggested that the spraying should be directed towards the basal portion of the plant for effective control of BPH. Two varieties namely CR

Dhan 317 and CR Dhan 805 resistant to Brown Planthopper developed by NRRI were distributed to the farmers of the villages and suggested for multiplication and cultivation in the BPH endemic areas. The team was accompanied by Mr.KamalakantaBehera, SMS (Agril Extension), KVK, Balasore and Assistant Director Agriculture, Assistant District Officer (Agril), Block Agriculture Officer of District Agriculture Department.

राष्ट्रीय मिलेट एक्सपो-2023 आयोजित

स्थिर कृषि को बढ़ावा देने और मिलेट के पोषण मूल्य को रेखांकित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सहयोग में, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर तथा भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा संयुक्त रूप से 6 अक्टूबर, 2023 को एनआरआरआई, कटक के एमकेसीजी प्लेटिनम जुबली सभागार में 'राष्ट्रीय मिलेट एक्सपो-2023' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान नवीनतम उपकरणों एवं अपनी आधुनिक प्रयोगशालाओं सहित, जैव-प्रसंस्करण, प्रक्रिया और उत्पाद विकास के माध्यम से खाद्यान्न प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, उप-उत्पाद उपयोग के अनुसंधान एवं विकास में प्रयासरत है जबकि, भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक देश की विविध चावल उगाने वाली पारिस्थितिकी के लिए जलवायु प्रतिरोधी, जैव-फोर्टिफाइड और उच्च उपज देने वाली चावल की किस्में तथा विभिन्न फसल उत्पादन और सुरक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास और बेहतर प्रथाओं विकसित करने में प्रयासशील है। ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार राउल कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की एवं इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रोफोसर राउल ने खाद्य और पोषण सुरक्षा की वैश्विक

चुनौतियों से निपटने में मिलेट के महत्व एवं जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता पर जोर दिया। उन्होंने ओडिशा मिलेट मिशन की स्थिति और पारंपरिक व्यंजनों से लेकर आधुनिक खाद्य प्रणाली तक मिलेट की पाक-संबंधी विविधताओं पर वर्णन किया। डॉ. ओ.एन. सिंह, पूर्व कुलपति, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), प्रोफेसर वी. पलानीमुथु, निदेशक, निफ्टम-टी, और डॉ. ए.के. नायक, निदेशक, एनआरआरआई समारोह के सम्मानित अतिथि थे। डॉ. सिंह ने आदिवासी किसानों के लिए पोषण और आजीविका के कम उपयोग वाले स्रोत के रूप में मिलेट पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वी. पलानीमुथु ने बाजरा के मूल्यवर्धन, मिलेट आधारित विभिन्न उत्पादों जैसे मिलेट आइसक्रीम, मिलेट इडली, मिलेट से निकाले गए उत्पादों के बारे में प्रकाश डाला तथा इस संस्थान में इन्क्यूबेशन सुविधाएं और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की अनुदान-सहायता योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

National Millet Expo -2023 organized

In a significant collaboration aimed at promoting sustainable agriculture and highlighting the nutritional value of millets, the National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management (NIFTEM), Thanjavur and the ICAR-National Rice Research Institute (NRRI), Cuttack have jointly organized the 'National Millet Expo-2023' on 6 October 2023 at MKCG Platinum Jubilee Auditorium of NRRI, Cuttack. Witnessing the strengthening of this collaboration, Prof. Pravat Kumar Roul, Vice Chancellor, Odisha University of Agriculture & Technology (OUAT), Bhubaneswargraced the occasion as chief guest. Dr. Tara Satyavati, Director, ICAR-Indian Institute of Millet Research (IIMR), Hyderabad, Prof. V. Palanimuthu, Director, NIFTEM-T, Dr. A.K. Nayak, Director, NRRI were the Guest of Honour of the function. The National Millet Expo-2023 held on the premises of ICAR-NRRI, Cuttack, attracted agricultural experts, researchers, farmers, policymakers, and industry stakeholders to showcase the potential of millets in addressing food security, improving soil health, and promoting climate-resilient agriculture.

Speaking on the occasion, Prof.Roul emphasized the

significance of millets in addressing the global challenges of food and nutrition security; climate change and environmental sustainability. He also emphasized on the status of Odisha Millet Mission and culinary versatility of millets from traditional dishes to the part of modern food system.

Prof. V. Palanimuthu, Director, NIFTEM-T has highlighted about value addition of millets, various millet based products like millet ice cream, millet idli, millet extruded products; incubation facilities at NIFTEM-T and Grant-In-Aid Schemes of MoFPI like PMFME, PMSKY and PLIS, etc. Dr. Tara Satyavati has informed about the activities of ICAR-Indian Institute of Millet Research, Hyderabad and encourage the youths to take up entrepreneurship in millet value chain. Dr. A.K. Nayak, Director, NRRI has added a new dimension in the millet production and consumption domain by linking it with rice production system of the country and emphasised cultivation of millets on upland and arid regions of the country as a contingent crop for coping up with the financial losses

आदि के बारे में जानकारी दिया। डॉ. नायक ने मिलेट उत्पादन और खपत के क्षेत्र में इसे देश की चावल उत्पादन प्रणालियों के साथ जोड़कर एक नया आयाम जोड़ा और जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव के कारण होने वाले वित्तीय नुकसान से निपटने के लिए एक आकस्मिक फसल के रूप में देश के ऊंची और शुष्क क्षेत्रों में बाजरा की खेती पर जोर दिया। विषय के तहत दो तकनीकी सत्र आयोजिन किए गए थे: मिलेट उत्पादन प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति और उद्यमियों का प्रचार और पोषण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बाजार जिसमें किस्मों और उत्पादन प्रौद्योगिकियों, उद्यमिता, बाजार, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन आदि जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें ओडिशा के दो सौ से अधिक किसान और महिला किसान, एनआरआरआई, कटक के कर्मचारी, छात्र और अध्येता और आम जनता शामिल थीं। एक्सपो में मिलेट आधारित और अन्य मूल्यवर्धन उन्मुख प्रौद्योगिकियों और आईसीएआर संस्थानों, ओयूएटी, ओडिशा मिलेट मिशन, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य सरकार के कृषि विभाग और कृषि स्टार्ट-अप की प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी। आरंभ में कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. एम. शिवशंकरी ने अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया, आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष डॉ. जी.ए.के. कुमार ने 'एक्सपो' के बारे में जानकारी दी और अंत में कार्यक्रम के निफ्टेम के समन्वयक डॉ. वी. चन्द्रशेखर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

due to the adverse impact of climate change.

There were two technical sessions under the theme: Technological Advancements in millets production technologies and promotion of entrepreneurs and Nutrition, Processing, value addition and Markets in which various aspects like varieties and production technologies, entrepreneurship, markets, processing & value additions, etc. were deliberated. During valedictory function, Dr. O.N. Singh, Vice Chancellor, Birsa Agricultural University (BAU), Ranchi highlighted about the millets as source of nutrition and livelihoods for tribal farmers.

The programme was attended by about 500 persons comprising over two hundred farmers and farmwomen from Odisha; staff, students & scholars of ICAR-NRRI, Cuttack and general public. An exhibition was also organized showcasing the technologies of ICAR institutes, OUAT, Odisha Millet Mission, KVKs, state line departments and Agri start-ups. In the beginning, Dr. M. Sivashankari, Organizing Secretary of the programme welcomed the guests and dignitaries, Dr. G.A.K. Kumar, Co-chairman of the organizing committee appraised them about the 'Expo' and at the end, Dr. V. Chandrasekar, Co-Ordinator, NIFTEM-T of the programme offered vote of thanks.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023

भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 के दौरान "भ्रष्टाचार को ना कहें: राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। एनआरआरआई, कटक के निदेशक डॉ. ए.के. नायक ने उद्घाटन समारोह में अनुसंधान संस्थानों में सतर्कता जागरूकता पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया और वैज्ञानिक/अनुसंधान सतर्कता और अनुसंधान नैतिकता में भ्रष्टाचार के शमन पर अपने विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को एकता की शपथ लेकर भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लवभाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया गया। "सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) संकल्प" के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर एक वीडियो अंग्रेजी, हिंदी और ओडिया में तैयार किया गया। सप्ताह के दौरान अंग्रेजी, हिंदी और ओडिया में निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और तात्कालिक प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासन, अध्येताओं, अनुसंधान सहयोगी, एसआरएफ और छात्रों सहित कुल मिलाकर 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एनआरआरआई, कटक के निदेशक डॉ. ए.के. नायक की अध्यक्षता में 13 नवंबर 2023 को आयोजित समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। भाकृअनुप-एनआरआरआई के सतर्क-

Vigilance Awareness Week-2023

ICAR-NRRI, Cuttack observed Vigilance Awareness Week from 30th October to 5th November 2023 with the theme "Say no to corruption: commit to the nation" (**भ्रष्टाचारकोनाकहें: राष्ट्रकेप्रतिप्रतिबद्धरहें**). In the inaugural ceremony, Dr. A.K. Nayak, Director, NRRI, Cuttack delivered a thought-provoking lecture on vigilance awareness in research institutes and shared his views on scientific/research vigilance and mitigation of corruption in research ethics. The National Unity Day (RashtriyaEktaDiwas) was observed on 31st October to mark the birth anniversary of SardarBallavbhai Patel, the Iron Man of India by taking Unity pledge. A video on awareness building about "Public Interest Disclosure and Protection of Informers (PIDPI) resolution" also prepared in English, Hindi and Odia. Various activities like essay, debate, quiz and extempore competitions in English, Hindi and Odia were taken up during the week. Altogether 60 participants from scientific, technical, administration, students, RAs, SRFs, and students participated in the competitions. The results of various competitions were declared and prizes were distributed during valedictory function which was held on 13th November 2023 under the chairmanship of Dr. A.K. Nayak,

ता अधिकारी डॉ.पी. भट्टाचार्य ने कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता की। डॉ. डी. चटर्जी सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के आयोजन सचिव थे।

Director, NRRI, Cuttack and the event was co-chaired by Dr. P. Bhattacharyya, Vigilance Officer, ICAR-NRRI. Dr. D. Chatterjee was the Organizing Secretary of the week-long event.

भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक के निदेशक द्वारा क्षेत्रीय तटीय चावल अनुसंधान केंद्र, नायरा, आंध्र प्रदेश का दौरा

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक के निदेशक डॉ. ए.के. नायक ने 14 नवंबर 2023 को संस्थान के फसल शरीरक्रियाविज्ञान एवं जैवररसायन प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. एम.जे. बेग के साथ आंध्र प्रदेश के नायरा में स्थित क्षेत्रीय तटीय चावल अनुसंधान केंद्र (आरसीआरआरएस) का दौरा किया। आरसीआरआरएस, नायरा केंद्र के अध्यक्ष डॉ. बी.बी. पंडा ने निदेशक का हार्दिक स्वागत किया और चालू वर्ष में किए गए अनुसंधान और विकास गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. ए.के. नायक ने वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श किया और व्यक्तिगत वैज्ञानिकों द्वारा की गई अनुसंधान पहलों के बारे में पूछताछ की तथा कार्यक्रम को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। यात्रा के दौरान, डॉ. नायक ने नायरा में क्षेत्रीय केंद्र के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं क्षेत्रीय केंद्र के अध्यक्ष को सीमाओं के निर्माण में तेजी लाने की सलाह दी। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्र पर फार्म शेड के निर्माण की मंजूरी दी। उन्होंने कृषि महाविद्यालय, नायरा का भी दौरा किया और भूमि पंजीकरण और क्षेत्रीय केंद्र की सीमाओं पर घेरे लगाने के संबंध में एसोसिएट डीन डॉ. डी. श्रीनिवास से चर्चा की। क्षेत्रीय तटीय चावल अनुसंधान केंद्र, नायरा, आंध्र प्रदेश के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के लिए डॉ. नायक की यात्रा प्रेरणाप्रद रहा।

Director, ICAR- NRRI, Cuttack visited Regional Coastal Rice Research Station, Naira, Andhra Pradesh

Dr. A.K. Nayak, Director, ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack, along with Dr. M.J. Baig, Head, Physiology and Biochemistry Division, visited Regional Coastal Rice Research Station (RCRRS), Naira on 14 November 2023. Dr. B.B. Panda, Head, RCRRS, Naira extended a warm welcome and presented an overview of the research and development activities carried out in the current year.

Dr. A.K. Nayak interacted with the scientists and enquired about the research initiatives undertaken by individual scientists, offering suggestions for further enhancement of the program. During the visit, Dr. Nayak inspected the construction site for the Regional station at Naira and advised the Head of the Regional station to expedite the construction of boundaries. He approved the construction of a farm shed at the station during the current financial year. He also visited the Agriculture College, Naira and discussed with Dr. D. Srinivas, Associate Dean regarding the land registration and the fencing of boundaries of the Regional station. Dr. Nayak's visit served as an inspiration and motivation for the scientists and staff of the Regional Coastal Rice Research Station, Naira, Andhra Pradesh.

भाकृअनुप-एनआरआरआई में कटक जिले के सीडीपी-एमए-लआईपी के तहत फसल विविधीकरण पर समीक्षा बैठक आयोजित

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान और जिला कृषि विभाग, कटक द्वारा संयुक्त रूप से कटक जिले के सीडीपी-एमएलआईपी कार्यक्रम के तहत 'फसल विविधीकरण' पर 22 नवंबर 2023 को एनआरआरआई परिसर में विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। श्री भर्तृहरि महताब, माननीय संसद सदस्य, कटक ने बड़म्बा और नरसिंहपुर प्रखंडों में संचालित फसल विविधीकरण कार्यक्रम के किसानों और सुविधा एजेंसियों के साथ अपनी चर्चा में किसानों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान पर जोर दिया और कार्यक्रम से वास्तविक लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम के

Review Meeting on 'Crop Diversification under CDP-MLIP of Cuttack district organized at NRRI

A Review Meeting of Special Programme on 'Crop Diversification' under CDP-MLIP of Cuttack district was jointly organized by ICAR-National Rice Research Institute and District Agriculture Department, Cuttack on 22 November 2023 at NRRI premises. Shri BhartruhariMahtab, Hon'ble Member of Parliament, Cuttack in his interaction with the farmers and facilitating agencies of the crop diversification programme operated in Badamba and Narsinghpur Blocks emphasized on the problems being faced by the farmers and suggested to incorporate mid-course corrections in the programme for reaping the real benefits from the programme.

क्रियान्वयन के समय सुधारों को शामिल करने का सुझाव दिया। बड़म्बा के माननीय विधायक श्री देबीप्रसाद मिश्र ने किसानों के उत्पादन को सुनिश्चित बाजार नेटवर्क से जोड़ने का सुझाव दिया ताकि किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम की उचित निगरानी और मूल्यांकन और फसल विविधीकरण कार्यक्रम में मांग-संचालित उद्यमों को शामिल करने पर भी जोर दिया। श्री मिश्र ने सुगंधित चावल के प्रसार और किसानों को निर्यात बाजार से जोड़ने की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप किसानों को उनकी उपज का मूल्य एमएसपी मूल्य से डेढ़ गुना अधिक मिल रहा है। श्री किशोर चंद्र मिश्र, अध्यक्ष, जिला परिषद, कटक ने कार्यक्रम कार्यान्वयन में किसानों के समस्याओं के बारे में सुना और अभिसरण मोड में काम करने का सुझाव दिया। डॉ. ए.के. नायक, निदेशक, भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक ने अपने स्वागत भाषण में पानी, पोषक तत्व उपयोग दक्षता, कीट दमन, आय सृजन और जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ाकर स्थिर उत्पादन में फसल विविधीकरण और इसके लाभों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने फसल विविधीकरण कार्यक्रम की उचित योजना, निगरानी, मूल्यांकन पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति भी प्रस्तुत किया। कलेक्टर-सह-डीएम और सीडीपी-एमआईएलपी कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री नरहरि सेठी ने बड़म्बा और नरसिंहपुर में कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। श्री उमाकांत राज, एडीएम (राजस्व) ने स्थानीय और अपनाई गई फसलों की किस्मों को शामिल करने का सुझाव दिया। श्री सुदाम कुमार नायक, सीडीएओ, कटक ने आरंभ में कार्यक्रम की प्रगति पर एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में प्रभागों के अध्यक्षों, वैज्ञानिकों, सात सुविधा एजेंसियों, 80 किसानों और महिला कृषकों, संबंधित विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया और आमंत्रित अतिथियों से विचार-विमर्श किया। फसल सुरक्षा प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. एस.डी. महापात्र ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ. रूपक जेना ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

Shri Debiprasad Mishra, Hon'ble MLA of Badamba suggested in linking the production of farmers to assured market network so that farmers will be getting the real price of their produce. He has also emphasized on proper monitoring and evaluation of the programme and the inclusion of demand-driven enterprises in the crop diversification programme. Shri Mishra appreciated the spread and linking aromatic rice farmers to export market as a result farmers are getting their produce value one and half times more than the MSP value. Sri Kishore Chandra Mishra, President, ZillaParisad, Cuttack listen the issues of farmers in programme implementation and suggested to work in convergence mode. Dr. A.K. Nayak, Director, ICAR-NRRI, Cuttack in his welcome address emphasized on the importance of crop diversifications and its benefits in sustainable production by increasing water, nutrient use efficiency, pest suppression, income generation and conserving biodiversity. He also gave a brief presentation on the proper planning, monitoring, evaluation of Crop Diversification programme. Shri NarahariSethy, Collector-cum-DM and Chairman of CDP-MILP programme assured to take appropriate action for effective implementation of the programme in Badamba and Narasinghpur. Shri UmakantaRaj, ADM (Rev) suggested on the inclusion of local and adopted crops varieties. Shri Sudam Kumar Nayak, CDAO, Cuttack in the beginning gave a brief presentation on the progress of the programme. Heads of Divisions, scientists, seven facilitating agencies, 80 farmers and farmwomen, line department officials, scientists, NGOs and other stakeholders participated in the review meeting. and interacted with the invited guests. Dr. S D Mohapatra, Head, Crop Protection Division coordinated the programme while Dr. Rupak Jena proposed the vote of thanks.

एनआरआरआई की संस्थान संयुक्त कर्मचारी परिषद की बैठक

भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक के, निदेशक डॉ. ए.के. नायक की अध्यक्षता में संस्थान संयुक्त कर्मचारी परिषद (आईजेएससी) की बैठक 30 नवंबर 2023 को आयोजित की गई। बैठक में फसल शरीक्रियाविज्ञान एवं जैवरसायन प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. एम.जे. बेग, फसल उत्पादन प्रभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. त्रिपाठी, फसल सुरक्षा प्रभाग के वैज्ञानिक डॉ. बी. गौड़ा जी, कार्यालय प्रमुख श्री वी. गणेश कुमार, वित्त प्रमुख श्री आर.के.

Institute Joint Staff Council Meeting of NRRI

The Institute Joint Staff Council (IJSC) Meeting was held on 30 November 2023 under the chairmanship of Dr. A.K. Nayak, Director, ICAR-NRRI, Cuttack. The members present during the meeting were Dr. M.J. Baig, Head Crop Physiology & Biochemistry Division; Dr. R. Tripathi, Sr. Scientist, Crop Production Division, Dr. B. Gowda G, Scientist, Crop

सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री एस.के. साहू, तकनीकी एवं सचिव आधिकारिक पक्ष श्री पी.के. जेना, तकनीकी अधिकारी, सीजेएससी सदस्य, श्री बी प्रधान, वरिष्ठ तकनीशियन, सचिव स्टाफ पक्ष, श्री एन.पी. बेहुरा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री मुनाएल महांती, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री एस.के. राउत, तकनीकी अधिकारी, श्री देबराज नाइक, एसएसएस; श्री बंसीधर नाइक, एसएसएस और श्री बी.के. नाइक, एसएसएस उपस्थित सदस्य थे। विभिन्न प्रशासनिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा की गई और उनका समाधान करने के तौर-तरीकों की योजना बनाई गई। श्री एस.के. साहू, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, तकनीकी और सचिव आधिकारिक पक्ष ने अध्यक्ष और सदस्यों का स्वागत किया। श्री बी प्रधान, वरिष्ठ तकनीशियन, सचिव कर्मचारी पक्ष ने धन्यवाद दिया।

Protection Division; Shri V. Ganesh Kumar, Head of Office; Shri R.K. Singh, Head of Finance; Shri S.K. Sahu, AAO, Technical & Secretary official side; Shri P.K. Jena, TO, CJSC Member; Shri B Pradhan, Sr. Technician, Secretary staff side; Shri N.P. Behura, AAO; Shri MunaelMohanty, AAO; Shri S.K. Rout, TO; Shri DebrajNaik, SSS; Shri BansidharNaik, SSS and Shri B.K. Naik, SSS. Various administrative and financial issues were discussed and modalities to address those were planned. Shri S.K. Sahu, AAO, Technical & Secretary official side welcomed the chairperson and members while vote of thanks was offered by Shri B Pradhan, Sr. Technician, Secretary staff side.

कृषि शिक्षा दिवस आयोजित

भाकृअनुप-आईएआरआई, नई दिल्ली द्वारा 3 दिसंबर 2023 को कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया जिसमें आईएआरआई -एनआरआरआई,, कटक हब सहित सभी हब ने वर्चुअल मोड में भाग लिया। इस अवसर पर डेयर के पूर्व सचिव एवं और आईसीएआर, नई दिल्ली के महानिदेशक माननीय डॉ. आर.एस. परोदा ने एक आमंत्रित व्याख्यान दिया। समारोह की अध्यक्षता पद्म भूषण प्रोफेसर आर.बी. सिंह ने की। आईएआरआई, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. ए.के. सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों का स्वागत किया। डॉ. ए.के. नायक, निदेशक, भाकृअनुप-एनआरआरआई, कटक, प्रभागों के प्रमुख, वैज्ञानिक और आईएआरआई-एनआरआरआई, कटक हब में प्रवेशित सभी यूजी, पीजी और पीएचडी छात्रों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। व्याख्यान के बाद, आईएआरआई-एनआरआरआई, कटक हब के दो छात्रों (ऋतिक नायक, बी.एससी (कृषि) और मेघना सरकार (एम.एससी (कृषि) ने माननीय डॉ. आर. एस. परोदा के साथ बातचीत की।डॉ. अनुपमा सिंह, डीन (शिक्षा), आईएआरआई, नई दिल्ली के धन्यवाद ज्ञापन दिया।

Agriculture Education Day celebrated

